सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२६-२०२७

कक्षा:पाँचवीं **विषय: हिंदी** **पाठ:११ मोबाइल का सबक**

प्रस्तुत पाठ से कोई 10 कठिन शब्द चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

प्रश्न/उत्तर

उ०१-मम्मी ने विकी को यह समझाया कि बेटा इतनी देर तक मोबाइल फोन पर बातें मत किया करो, इससे कीमती समय बर्बाद होता है और यह तुम्हारे स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है।

उ०२-विकी ने राहुल को बाइक चलाते-चलाते कंधे पर मोबाइल लगाकर बात करने के लिए कहा।

उ०३-राहुल बाइक चलाते-चलाते बात कर रहा था कि अचानक उसकी बाइक के सामने कुत्ता आ गया। मोबाइल पर बात करने के कारण राहुल बाइक को नियंत्रित नहीं कर पाया और बाइक असंतुलित होकर गिर पड़ी।

उ०४-अंत में विकी को हमेशा के लिए यह सबक मिला कि वह फोन पर केवल ज़रूरी बातें ही करेगा।

रिक्त स्थान

१-यह तुम्हारे स्वास्थ्य के लिए भी <u>हानिकारक</u> है।

२-थोड़ी देर बाद विकी के पापा <u>सब्जी</u> लेने बाजार चले गए।

३-विकी और मम्मी राहुल के <u>एक्सीडेंट</u> वाली जगह पहुँचे।

४-विकी स्वयं को <u>दोषी</u> मान रहा था।

नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

१-वार्तालाप

२-हानिकारक

३-दोषी

४-सबक